# //विज्ञप्ती//

कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर जिला शाजापुर को आउटसोर्स पर गौशाला एवं अन्य शाखाओ मे मानव संसाधन (अकुशल) की व्यवस्था के लिए आउटसोर्स एजेंसी का चयन किये जाने हेतु mptenders के माध्यम से निविदा दिनांक 15.05.2026 को आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत जानकारी वेबसाईट) https://mptenders.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं।

**निविदा जारी करने एवं निविदाएं आमंत्रित करने की तिथियों का विवरण -**

| क्र. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | निविदा/RFP जारी करने की तिथि | 15.05.2026 |
| 2 | निविदाएं आमंत्रित करने की अंतिम तिथि | 30.05.2026 |
| 3 | निविदा खोला जाना एवं परीक्षण की तिथि | 01.06.2026 |

## निविदा की शर्तें

- **न्यूनतम पात्रता मानदंड-**

1. संविदाकार (Bidder) आवश्यक रूप से फर्म, साझेदारी फर्म, लिमिटेड कंपनी, कानूनी रूप से गठित कॉर्पोरेट निकाय होना चाहिए। इसके समर्थन में प्रमाण प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।
2. संविदाकार (Bidder) का आयकर, पंजीकृत होना चाहिए इसके समर्थन में प्रासंगिक प्रमाण प्रस्तुत किया जावें ।
3. संविदाकार (Bidder) के पास जीएसटी होना चाहिए। इसके समर्थन में प्रासंगिक प्रमाण प्रस्तुत किया जावें ।
4. संविदाकार (Bidder) का पंजीकृत कार्यालय सक्रिय रूप से मध्य प्रदेश में स्थित होना चाहिए। संविदाकार को इसके लिए दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।
5. संविदाकार (Bidder) का तीनों वर्षों (2022-23 से 2024-25) में मानव संसाधन प्रदान करने के व्यवसाय में न्यूनतम टर्नओवर 30,00,000/- (पक्चीस लाख रुपये) होना चाहिए। इस हेतु प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।
6. संविदाकार (Bidder) को मानव संसाधन प्रदान करने के क्षेत्र का विगत 3 वर्षों का अनुभव होना अनिवार्य होगा, इस हेतु प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।
7. फर्म ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए, इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

**निरन्तर ...........**

- **न्यूनतम पात्रता मानदंड का समर्थन करने वाले दस्तावेज़**

1. पैन, जीएसटी पंजीकरण, की सत्यापित प्रति ही स्वीकार्य होगी।
2. पिछले 3 वर्षों (2022-23 से 2024-25) के लिए आईटीआर सत्यापित प्रति ही स्वीकार्य होगी।
3. टर्नओवर हेतु 3 वित्तीय वर्षों यानी (2022-23 से 2024-25) के लिए UDIN नम्बर सहित सी.ए.द्वारा प्रमाणित होना अनिवार्य हैं ।
4. फर्म, साझेदारी फर्म, लिमिटेड कंपनी, कानूनी रूप से गठित कॉर्पोरेट निकाय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा ।
5. फर्म को मानव संसाधन प्रदान करने के क्षेत्र का विगत 3 वर्षों का अनुभव, कार्य ओदश होना अनिवार्य होगा, इस हेतु प्रमाण प्रस्तुत करना होगा
6. GST Return – वर्ष (2024-25)

- **धरोहर राशि एवं निविदा मूल्य:**

1. निविदा फार्म कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद शाजापुर जिला शाजापुर राशि रू 1000/- आनलाईन जमा कर क्रय किया जा सकता है ।जिसकी पावती(WITH UTR NUMBER) आनलाईन आवेदन के संलग्न करना होगी ।
2. संविदाकार को आवेदन पत्र के साथ राशि रू. 25000/-(पच्चीस हजार) की धरोहर/अमानतराशि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद शाजापुर जिला शाजापुर में आनलाईन जमाकर पावती (WITH UTR NUMBER)ऑनलाईन निविदा आवेदन मे संल्गन करना होगी , जो कि संपूर्ण निविदा प्रक्रिया समाप्त होने के उपरांत आवेदक संस्था को वापस कर दी जायेगी ।
3. सफल संविदाकार की धरोहर/अमानतराशि को संविदाकार के अनुरोध पर सुरक्षा निधि के रूप में मान्य की जा सकेगी एवं अनुबंध समाप्ति बाद कार्यालय से नो डयूज प्रमाण-पत्र जारी होने उपरांत वापसी योग्य रहेगी।
4. संविदाकारओं को अपना प्रस्ताव वापस लेने या शर्तों को संशोधित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि संविदाकार यहां दी गई शर्तों का पालन करने में विफल रहता है या दरें उद्‌धृत करने के बाद पीछे हट जाता है, तो उपरोक्त धरोहर/अमानतसरकार द्वारा जब्त कर ली जाएगी।
5. अमानत राशि के बिना बोलियां सरसरी तौर पर निरस्त कर दी जाएगी।
6. अमानत राशि जमा या सुरक्षा जमा की राशि पर ब्याज के संबंध में नगर पालिका परिषद शाजापुर जिला शाजापुर के खिलाफ कोई दावा नहीं किया जाएगा।

- **वित्तीय बोली:**

1. तकनीकी EVALUATION में पात्र निविदाकारों की ही वित्तीय निविदा खोले जाने पर विचार किया जावेगा।
2. वित्तीय बोली की दरों में- वर्तमान में प्रचलित अकुशल श्रेणी के मासिक पारिश्रमिक(समय-समय पर राज्य शासन द्वारा परिवर्तनशील), ईपीएफ(शासन एवं नियोक्ता अंशदान), ईएसआईसी, सेवा शुल्क, जीएसटी, और समय-समय पर उत्पन्न होने वाले अन्य वैधानिक शुल्क सम्मिलित होंगे।
3. बिन्दु क्रमांक 2 के संदर्भ में कुल योग की न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले संविदाकार (Bidder) का सफल संविदाकार के रूप में चयन किया जाएगा एवं एक से अधिक निविदाताओं की दरें समान होने दोनो फर्मो का चयन किया जावेगा।
4. देयकों के भुगतान के समय नियमानुसार टैक्स कटौती की जाएगी

5. शासन नियामानुसार निविदाकार द्वारा वित्तीय निविदा में सर्विस चार्ज 10 प्रतिशत से न्यूनतम डालने पर निविदा मान्य नहीं की जावेगी

➢ **अन्य शर्तें-**

1. संविदाकार (Bidder) के पास अपनी स्वयं का प्रशिक्षित मानव संसाधन होना चाहिए। इस हेतु नोटरीकृत शपथ पत्र और वचन पत्र प्रस्तुत किया जायेगा कि उपलब्ध कराये जाने वाले मानव संसाधनो को मध्य प्रदेश सरकार के आदेशों के अनुसार वेतन का भुगतान किया जाएगा और उनको इस संदर्भ में ईएसआईसी, ईपीएफ आदि के संबंध में सभी वैधानिक आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा। **GST कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर जिला शाजापुर द्वारा देय ।**
2. जो संविदाकार इच्छुक हैं, उन्हें अपनी बोलियां दो बोली प्रणालियों यानी तकनीकी निविदा और वित्तीय निविदा को https://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से जमा करनी होंगी। संविदाकारओं को अपनी तकनीकी निविदा के समर्थन में सुसंगत दस्तावेज़ आदि की स्कैन की गई सत्यप्रतिलिपी प्रतियां अपलोड करनी होगी। निविदा के समर्थन में कार्यालय को प्रेषित किसी भी प्रकार के ऑफलाईन दस्तावेज मान्य नहीं किये जायेंगे ।
3. एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले मानव संसाधनों को शासन द्वारा प्रचलित दर अनुसार पारिश्रमिक/ईपीएफ/ईएसआईसी भुगतान करना अनिवार्य होगा ।
4. सफल निविदाकार को 1 वर्ष के लिए 500 रू के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर अनुबंध संपादित कराया जाना अनिवार्य रहेगा ।
5. सेवायें संतोषप्रद पाये जाने पर दोनों पक्षों की आपसी सहमति से अनुबंध अवधि को (अधिकतम 2 बार) निविदा सेवाशर्तो के अधीन बढाया जा सकेगा ।
6. सफल निविदाकार अनुबंध / कार्यादेश उपरांत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत पंजीकृत करना अनिवार्य होगा और इसके समर्थन में प्रासंगिक प्रमाण प्रस्तुत किया जावेगा ।

7 मानव श्रम की संख्या निकाय की विभिन्न शाखाओ मे आवश्यकता अनुसार कम/ज्यादा की जा सकेगी

8 निविदा शर्तों का पालन नहीं किये जाने, अनुबंध अनुसार कार्मिकों को राशि भुगतान नहीं किये जाने पर अनुबंध समाप्ति की कार्यवाही करते हुए सुरक्षा निधि को राजसात किया जावेगा ।

9 किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय मुख्य नगर पालिका अधिकारी ,नगर पालिका परिषद शाजापुर जिला शाजापुर का रहेगा जो दोनों पक्षों के लिए बंधनकारी रहेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद शाजापुर जिला शाजापुर

**प्रपत्र-1**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर जिला शाजापुर

## तकनीकी निविदा प्रपत्र

निविदा क्रमांक दिनांक-

प्रति,

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद शाजापुर जिला शाजापुर

| क्र. | विवरण | प्रमाण पत्र क्रमांक | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदाकर्ता का नाम | | |
| 2 | अधिकृत व्यक्ति का नाम | | |
| 3 | पता एवं फोन नंबर | | |
| 4 | मध्यप्रदेश मे कार्यालय का पता का पता | | |
| 5 | ई-मैल | | |
| 6 | फर्म की स्थिति निक लिमिटे सार्वज / प्राइवेट लिमिटेड कंपनी)ड कंपनी(एकल स्वामित्व / साझेदारी फर्म/ | | |
| 7 | निदेशक स्वामी का नाम/साझेदार/ | | |
| 8 | कंपनीका स्थापना पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक फर्म/<br>(रजिस्ट्रेशन की प्रति संलग्न करें) | | |
| 9 | GST क्रमांक एवं जारी दिनांक<br>)GST रजिस्ट्रेशन की प्रति संलग्न करें( | | |
| 10 | पेन कार्ड नंबर एवं प्रति संलग्न करें (फर्म/प्रोपाइटर) | | |
| 11 | Income tax Return - वर्ष (2022-23 से 2024-25) | | |
| 12 | GST Return – वर्ष (2024-25) | | |
| 13 | टर्न ओवर प्रमाण पत्र (द्वारा प्रमाणित.ए.सी) UDIN नंबर सहित विगत 03 वित्तिय वर्षों की(2022-23 से 2024-25) | | |
| 14 | निविदा शुल्क के रसीद ऑनलाइन क्रमांक..................... | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | दिनांक.................... बैंक का नाम.................................... | | |
| 15 | निविदा धरोहर शुल्क की रसीद ऑनलाइन क्रमांक.....................<br>दिनांक.................... बैंक का नाम.................................... | | |
| 16 | कार्यानुभ प्रमाण पत्र 2 प्रारूप) ) | | |
| 17 | कर चोरी संबंधी कोई लीगल नोटिस लंबित नहीं है प्रमाणीकरण प्रारूप - 3 | | |
| 18 | ब्लैक लिस्टेड नहीं होने संबंधी प्रमाणीकरण 4 प्रारूप)) | | |
| 19 | शपथ पत्र 5 प्रारूप )) | | |
| 12 | बोलीदाता (Bidder) को गौशाला मे गौसेवा कार्य हेतु मानव संसाधन प्रदान करने के क्षेत्र का विगत 1 वर्षों का अनुभव, कार्य ओदश होना अनिवार्‌य होगा, इस हेतु प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। | | |
| 21 | निविदा प्रपत्र की हस्ताक्षरित प्रति | | |
| 22 | अन्य जानकारी | | |

# **घोषणा**

1. मेरे द्वारा घोषणा की जाती है कि मैं निविदा की समस्त नियमशर्तों से पूर्ण-तः सहमत हूँ। मेरे द्वारा दी गई जानकारी पूर्ण सत्य है। यदि जानकारी असत्य पाई जाती है तो नियमानुसार मेरे विरूद्ध कार्यवाही की जा सकती है।
2. कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर जिला शाजापुर  द्वारा योग्य एजेंसी के चयन के संबंध में लिया गया निर्णय मुझेह हमें मान्य होगा तथा मैं/म इसे मानने के लिए पूर्णतः बाध्य है।
3. मेरे/हमारे द्वारा दी गई जानकारी मेरे निजी ज्ञान और विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य है।
4. मेरे  हमारे प्रत्येक कार्य अथवा संलग्न पत्रको के विषय में कोई जाँच की जाती है तो मुझे इसमें कोई/ आपत्ति नहीं होगी

स्थान -
दिनांक -

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर**
**एवं सील**

**प्रपत्र- 2**

**कार्यानुभव –**

मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाले निविदाकर्ता को इस क्षैत्र में कार्य करने का अनुभव

| **क्रमांक** | **संस्था का नाम जिसमें कर्मचारियों को नियोजित किया गया हो** | **संबंधित अनुबंध वर्क/ ऑर्डर** | **संलग्न प्रमाण पत्र एवं क्रमांक** |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |

स्थान -

दिनांक -

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर**
**एवं सील**

प्रारूप - 3

## प्रमाणीकरण

मैने ........................................................ (फर्म/कंपनी का नाम) जिला शाजापुर अंतर्गत ,
कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर जिला शाजापुर

के लिए मेनपॉवर उपलब्ध कराये जाने बाबत निविदा प्रस्तुत की है ।

प्रमाण्ति किया जाता है कि मेरे द्वारा आयकर एवं जीएसटी के अंतर्गत समस्त कर देयताओ को जमा कर दिया है एवं आयकर विभाग / जीएसटी विभाग द्वारा मेरे या मेरी फर्म के नाम से किसी भी प्रकार का कर चोरी संबंधी कोई लीगल नोटिस लंबित नहीं है ।

दिनांक -

स्थान -

हस्ताक्षर एवं सील

निविदादाता का नाम

फर्म/कंपनी का नाम

# प्रमाणीकरण

मैने ........................................................ (फर्म/कंपनी का नाम) जिला शाजापुर अंतर्गत , कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर जिला शाजापुर

के लिए मेनपॉवर उपलब्ध कराये जाने बाबत निविदा प्रस्तुत की है ।

प्रमाणित किया जाता है कि मेरी फर्म/कंपनी को किसी कार्य की असफलता/अनियमितता या अन्य किसी कारण से ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है। यदि भविष्य में इस संबंध में कोई प्रासंगिक प्रमाण् प्रस्तुत होता है या प्राप्त होता है , तो मेरी निविदा निरस्त करने एवं धरोहर राशि राजसात करने का अधिकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी शाजापुर को रहेगा ।

दिनांक -

स्थान -

हस्ताक्षर एवं सील

निविदादाता का नाम
फर्म/कंपनी का नाम

प्रारूप - 5

## शपथ - पत्र

मैने ........................................................ (फर्म/कंपनी का नाम) जिला शाजापुर अंतर्गत , कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर जिला शाजापुर

के लिए मेनपॉवर उपलब्ध कराये जाने बाबत निविदा प्रस्तुत की है ।

प्रमाणित किया जाता है कि मेरी फर्म/कंपनी के पास अपनी स्वयं का प्रशिक्षित मानव संसाधन है एवं उपलब्ध कराये जाने वाले मानव संसाधनों को मध्य प्रदेश सरकार के आदेशो के अनुसार वेतन का भुगतान किया जाएगा ओर इस संदर्भ में ईएसआई, ईपीएफ आदि के संबंध में सभी वैधानिक आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा ।

दिनांक -

स्थान -

हस्ताक्षर एवं सील

निविदादाता का नाम

फर्म/कंपनी का नाम